भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर

**Indian Institute of Technology Bhubaneswar**

## प्रेस विज्ञप्ति

# आईआईटी भुवनेश्वर और बनश्री सेमीकंडक्टर्स ने सेमीकंडक्टर अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

**भुवनेश्वर, 5 अगस्त 2026:** सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अकादमिक–उद्योग सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने हाल ही में बनश्री सेमीकंडक्टर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य उन्नत सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, उद्योगोन्मुखी शिक्षा, प्रशिक्षण और नवाचार को बढ़ावा देना है।

आईआईटी भुवनेश्वर की ओर से प्रायोजित अनुसंधान एवं औद्योगिक परामर्श (एसआरआईसी) के डीन प्रो. विजय शंकर पसुपुरेड्डी तथा बनश्री सेमीकंडक्टर्स की ओर से निदेशक डॉ. चंद्रमोहन उमापति ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपद कर्मलकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर साइंसेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. नवजीत बग्गा और डॉ. संदीप कुमार सामल भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि बनश्री सेमीकंडक्टर्स उन्नत सिलिकॉन-नोड, लो-पावर चिप डिजाइन तथा पावर, परफॉर्मेंस और एरिया (PPA) के अनुकूलन के क्षेत्र में कार्यरत है। कंपनी विशेष रूप से सिस्टम-ऑन-चिप (SoC) अनुप्रयोगों के लिए कम ट्रांजिस्टर-काउंट (TAT) आर्किटेक्चर पर ध्यान केंद्रित करती है। यह सहयोग आईआईटी भुवनेश्वर की अकादमिक एवं अनुसंधान क्षमताओं को बनश्री सेमीकंडक्टर्स की उन्नत सिलिकॉन-नोड, लो-पावर चिप डिजाइन और पावर, परफॉर्मेंस एवं एरिया (PPA) अनुकूलन संबंधी विशेषज्ञता से जोड़ेगा, जिसमें सिस्टम-ऑन-चिप (SoC) अनुप्रयोगों के लिए कम ट्रांजिस्टर-काउंट आर्किटेक्चर भी शामिल हैं।

पांच वर्ष की अवधि वाले इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान एवं विकास (R&D) परियोजनाओं, डिजाइन ऑप्टिमाइजेशन फ्लो के विकास, संकाय एवं छात्र आदान-प्रदान, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण और सहयोगात्मक अनुसंधान पर कार्य करेंगे। इसके साथ ही, दोनों पक्ष बाहरी वित्तपोषण से संचालित अनुसंधान एवं परामर्श परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशेंगे तथा कंप्यूटिंग संसाधनों, डिजाइन फ्लो, प्रयोगशाला सुविधाओं, परीक्षण अवसंरचना और अनुसंधान उपकरणों के साझा उपयोग को भी प्रोत्साहित करेंगे।

इस साझेदारी का एक प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग का व्यावहारिक अनुभव और प्रत्यक्ष प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना होगा। आईआईटी भुवनेश्वर के विद्यार्थी बनश्री सेमीकंडक्टर्स में इंटर्नशिप, परियोजना कार्य, प्रशिक्षण और अनुसंधान कर सकेंगे। वहीं, कंपनी के इंजीनियर और वैज्ञानिक संस्थान में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं अकादमिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। इस साझेदारी के अंतर्गत संयुक्त कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, सम्मेलनों और शोध प्रकाशनों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

इस साझेदारी से अकादमिक अनुसंधान और सेमीकंडक्टर उद्योग की आवश्यकताओं के बीच समन्वय को और मजबूत करने की उम्मीद है। साथ ही, यह सेमीकंडक्टर डिजाइन एवं संबद्ध प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन के विकास और उद्योग-प्रासंगिक अनुसंधान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

------------------